an>

Title: Need to provide dialysis facility in all the private hospitals for patients belonging to lower income group and below poverty line.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : मैं सरकार का ध्यान एक ऐसे विÂ◌ाय/प्रक्रिया "डायलिसिस" पर आकर्Â◌ि◌ात करना चाहता हूं, जो कि करोड़ों गरीब मरीजों के स्वास्थ्य से जुड़ा है! आज दिल्ली के साथ सम्पूर्ण भारत वÂ◌ाऱ में लोग मधुमेह की बीमारी से ग्रस्त हैं, जिनकी संख्या दिल्ली देहात के इलाकों में कुछ ज्यादा ही है। मधुमेह की बीमारी से किडनी फेल होने की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसमें मरीज को जिंदा रखने के लिए डायलेसिस की आवश्यकता पड़ती है। उच्च आय वर्ग वाले मरीज तो अपना इलाज कराने में समर्थ हैं, लेकिन गरीब परिवार डायलेसिस कराने में असमर्थ हैं। सरकारी अस्पतालों में जब निम्न आय वर्ग/बीपीएल कार्ड धारक गरीब मरीज जाते हैं तो उन्हें वहां से डायलेसिस की मशीन खराब है या यह सुविधा यहां उपलब्ध नहीं है, कहकर टाल दिया जाता है, जिसके कारणवश उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार तो इलाज में देरी होने से मरीज की मृत्यु तक हो जाती हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में सैंकड़ों लोग मेरे पास ऐसी शिकायतें लेकर रोज आते हैं। यह हाल तो दिल्ली राजधानी का है, तो सम्पूर्ण भारतवÂ◌ाऱ के गरीब वर्ग का क्या हाल होग, अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश में ऐसे डायलेसिस केन्द्रों की संख्या में विस्तार किया जाना चाहिए तथा राÂट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के साथ देश के सभी मेट्रो शहरों के निजी अस्पतालों को दिशा निर्देश जारी करे, जिससे निम्न आय वर्ग/ बीपीएल कार्ड धारक गरीब मरीज को फ्री डायलेसिस कराने की सुविधा उपलब्ध हो सके।